ग्वालियर संस्करण की नई विज्ञापन दरें

वर्गीकृत विज्ञापन (ब्लैक एण्ड व्हाइट) 50 शब्द, प्रत्येक अतिरिक्त शब्द 5 रूपये, शीर्षक शुल्क 100 प्रतिशत अतिरिक्त	3 DAYS 100/-	15 DAYS 500/-	1 MONTH 1000/-
डिस्पले क्लासिफाइड विज्ञापन (ब्लैक एण्ड व्हाइट)	1 DAYS 500/-	7 DAYS 1800/-	1 MONTH 3000/-
पगड़ी रस्म, पुण्यतिथि फोटो सहित	Size 8x1	Rs. 500/-	
गुमशुदा, जन्मदिन, बधाई	Size 8x1	Rs. 1000/-	
वैवाहिक	Size 6x1	Rs. 500/-	
नाम परिवर्तन, लीज पॉलिसी परिवर्तन, खोया-पाया	Display Classified Rate		
वैवाहिक विज्ञापन कम से कम 40 शब्द (केवल मध्यप्रदेश) 5 रूपये अतिरिक्त शब्द	Rs. 500/-		

Contact:-
Nava Bharat Bhavan, City Center, Gwalior
Ph. 0751-4086200, 9479319990
E-mail address-bharatnava@gmail.com

पाठकगण किसी भी वर्गीकृत विज्ञापन पर पहल करने से पहले पूरी जानकारी एकत्र कर संपर्क करें. इस संबंध में नवभारत समाचार- पत्र की जिम्मेदारी नहीं होगी.

महर्षि वाल्मीकि जयंती पर शहर भर में हुए कार्यक्रम

भाजपा ने किया समाजसेवियों का सम्मान

ग्वालियर 7 अक्टूबर. भगवान महर्षि वाल्मीकि के प्राकट्योत्सव पर मंगलवार को भारतीय जनता पार्टी अनुसूचित जाति मोर्चा द्वारा कंपू स्थित महर्षि वाल्मीकि मंदिर पर वाल्मिकी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर पूजा अर्चना कर की गई। इस दौरान सामाजिक क्षेत्र में कार्य कर रहे सामाजिक बंधुओं को शाल श्रीफल एवं रामदरबार देकर सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष राजौरिया ने कहा कि महर्षि वाल्मीकि व भगवान राम के महत्व के बारे में समाज को बताएं। भक्ति भाव जितनी मजबूती से बढ़ेगा, समाज उतना ही सशक्त होगा। क्योंकि, सशक्त समाज ही आत्मनिर्भर बनता है। वही विकसित भारत की परिकल्पना को साकार करने में योगदान दे पाएगा। उन्होंने कहा कि आज हम राम राज्य की स्थापना की बात करते हैं। महर्षि वाल्मीकि जी के आदर्शों को भाजपा सरकार आगे बढ़ा रही है। हम गरीबों व वंचितों को सशक्त बनाने का कार्य कर रहे हैं। महापुरुषों के कदमों पर चलते हुए भाजपा हर जरूरतमंद के साथ खड़ी है।

इस अवसर पर वरिष्ठ नेता गुरुमुख करौसिया, संतोष गोडयाले, पप्पू बड़ौरी, अमर कुटे, शेरू वाल्मीकि, राजा खटीक, अमन दाऊ, संजय राजे, राजेंद्र महोबिया, गोपाल जाटव, शिवा टांक, अजय पाथरे, नितिन बांगडे, रामचंद्र धौलपुरिया, कमल खरे, कमल खटीक, राजा घनघोरिया, रामसेवक चंदेल, एलिस खरे, संजय करोसिया, सोनू वर्मा, मंजीत लोहट, सूरज खरे, शुभम डागोर आदि उपस्थित थे। इस दौरान सामाजिक क्षेत्र में काम करने वाले शेरू वाल्मीकि, सीताराम खरे, प्रभात धवल, किशन भगत आदि का सम्मान किया गया।

महर्षि वाल्मीकि मंदिर में कांग्रेसजनों ने किया नमन

ग्वालियर 7 अक्टूबर। महर्षि वाल्मीकि जयंती के अवसर पर शहर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष सुरेंद्र यादव के नेतृत्व में शहर जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा कंपू स्थित महावीर भवन के पास स्थित महर्षि वाल्मीकि मंदिर में पहुंचकर महर्षि वाल्मीकि जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर नमन कर उनके आदर्शों पर चलने का संकल्प लिया। शहर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष सुरेंद्र यादव ने महर्षि वाल्मीकि जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण करने के पश्चात उपस्थित नागरिकों एवं कांग्रेस जनों को संबोधित करते हुए कहा कि आज हम सभी एक महान युगद्रष्टा, आदिकवि महर्षि वाल्मीकि जी की जयंती के पावन अवसर पर यहां एकत्रित हुए हैं। हम उन्हें नमन करते है और उनके आदर्शों को अपने जीवन में उतारने का संकल्प लेते हैं। महर्षि वाल्मीकि जी ने हमें यह सिखाया कि कर्म और ज्ञान ही सच्चा धर्म है। उन्होंने रामायण' जैसी अमर कृति के माध्यम से मानवीय मूल्यों, आदर्शों और मर्यादाओं को युगों-युगों तक जीवित रखा। वे न केवल एक कवि थे, बल्कि समाज सुधारक, शिक्षक और प्रेरणर्स्त्रोत भी थे। उनका जीवन यह संदेश देता है कि कोई भी व्यक्ति अपने कर्मों से महान बन सकता है। समाज के अंतिम व्यक्ति तक सम्मान, समानता और शिक्षा पहुँचाना यही उनके विचारों की सच्ची श्रद्धांजलि है। आज, महर्षि वाल्मीकि जयंती पर, हम सभी यह संकल्प लें कि हम समाज में समानता, प्रेम और भाईचारे की भावना को मजबूत करेंगे। हर व्यक्ति को अवसर और सम्मान मिले, यही हमारे महान संविधान और वाल्मीकि जी के विचारों की आत्मा है। इस अवसर पर सुनील सोनू कुशवाह, अरविंद चौहान, कुलदीप मगरैया, ब्लॉक अध्यक्ष अब्दुल हमीद पप्पू, पिंकी पंडित, संजीव दीक्षित, जसवंत वर्मा, धीरज ढींगरा, गजेन्द्र तिवारी सहित अनेक नागरिक एवं काँग्रेसजन उपस्थित थे।

अजाक्स कार्यालय में मनाई महर्षि बाल्मीकि जयंती

ग्वालियर- अनुसूचित जाति-जनजाति अधिकारी एवं कर्मचारी संघ जिला इकाई के तत्वावधान में जिला कार्यालय ठाठीपुर पर महर्षि वाल्मीकि जयंती बड़े धूम-धाम से मनाई गई। कार्यालय प्रांगण में स्थापित रामायण के रचयिता भगवान महर्षि वाल्मीकि जी की जयंती कार्यक्रम मुख्य अतिथि चौधरी मुकेश मौर्य प्रांताध्यक्ष अजाक्स के मुख्य आतिथ्य में संपन्न हुआ। जिला अध्यक्ष शांति प्रकाश राजोरिया व संघ के सभी पदाधिकारी व सदस्यों ने माल्यार्पण कर महर्षि बाल्मीकि जी की आरती की।तत्पश्चात मुख्य अतिथि ने कहा की आदि कवि महर्षि वाल्मीकि न केवल रामायण के रचयिता थे,बल्कि मानव जीवन के आदर्श और पथ प्रदर्शक भी रहे हैं।उन्होंने शब्दों के माध्यम से मर्यादा,नैतिकता, समानता और करुणा के ऐसे दीप जलाए जो आज भी समाज का मार्ग आलोकित कर रहे हैं।हम सभी को उनके बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लेना चाहिए। अजाक्स जिला अध्यक्ष शांति प्रकाश राजोरिया ने महर्षि वाल्मीकि जी को माला पहना कर उनकी आरती करके प्रसाद वितरित किया गया। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष ने कहा कि भगवान महर्षि वाल्मीकि जी के जीवन दर्शन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि महर्षि वाल्मीकि जी ने रामायण जेसे महाकाव्य की रचना कर सामाजिक समरसता का संदेश दिया।इस अवसर पर किशोर चौहान ने सभी देशवासियों से भाईचारे के साथ रहकर महापुरुषों के बताए मार्ग पर चलकर राष्ट्र निर्माण में योगदान देने के लिए कहा।कार्यक्रम का संचालन रामनरेश विमल ने किया।इस अवसर पर गजेन्द्र राजौरिया (जिला महासचिव एवं कार्यालय प्रभारी),विजय सिंघानिया (सचिव),मनीष कनोजिया, कमलेशजाटव,राजवीर राजे,राजू भारती,कृष्ण पाल मेहता, मुकेश बनाफर, मानसिंह,अभिषेक जाटव,आर बी एस धारिया ,शोभाराम जाटव,नेत्रपाल सिंह ,श्रीमती लक्ष्मी कनोजिया,श्रीमती अर्चना राजौरिया,सरपंच विजय बिसोरिया, पुतू सिह परिहार आदि शामिल थे।

ग्वालियर जिले में 8 और जरूरतमंद महिलाएँ बनी शक्ति दीदी

ग्वालियर 7 अक्टूबर. ग्वालियर जिले में 8 और जरूरतमंद महिलायें शक्ति दीदी बनी हैं। इन महिलाओं ने मंगलवार 7 अक्टूबर को जिले के विभिन्न पेट्रोल पंपों पर फ्यूल डिलेवरी वर्कर की जिम्मेदारी संभाली है। जिले में कुल मिलाकर अब तक 79 जरूरतमंद महिलाओं को विभिन्न पेट्रोल पंपों पर फ्यूल डिलेवरी वर्कर के रूप में शक्ति दीदी बनाया जा चुका है। मंगलवार को अपर कलेक्टर श्री कुमार सत्यम सहित जिला प्रशासन के अन्य अधिकारी शहर के 5 पेट्रोल पंपों पर पहुँचे और महिलाओं का स्वागत सत्कार कर उन्हें शक्ति दीदी की जिम्मेदारी सौंपी। उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की मंशा के अनुरूप महिलाओं के सशक्तिकरण और उन्हें आत्मनिर्भर बनाने के लिये ग्वालियर जिले में शक्ति दीदी के नाम से कलेक्टर श्रीमती रुचिका चौहान ने नवाचार किया है।

श्री कृष्ण सुदामा की मित्रता अद्वितीय, सर्वोत्तम सुख का साधन है संतोष

नवभारत न्यूज

ग्वालियर 7 अक्टूबर. श्री सनातन धर्म मंदिर में चल रही श्रीमद्भागवत कथा के विश्राम दिवस पर कथा व्यास भागवताचार्य पं सतीश कौशिक जी महाराज ने सुदामा चरित्र और परीक्षित मोक्ष की भाव पूर्ण कथा सुनाते हुए कहा श्रीमद्भागवत का अंतिम उपदेश नाम संकीर्तन है, जो सभी पापों को नष्ट करता है और दुखों को दूर करता है। श्रीमद्भागवत के अंतिम श्लोक के अनुसार जिनके नाम का कीर्तन करने से जन्म-जन्मान्तर के सभी पाप मिट जाते हैं और जिन्हें प्रणाम करने मात्र से सांसारिक दु:ख समाप्त हो जाते हैं, ऐसे परम प्रभु श्री हरि को प्रणाम है। यह उपदेश भक्ति, ज्ञान और वैराग्य के विकास का संदेश देता है, तथा बताता है कि कैसे परम तत्व श्री हरि को समर्पित होकर जीवन के दुखों से मुक्ति प्राप्त की जा सकती है।

भागवत आचार्य सतीश कौशिक जी महाराज ने परम भक्त सुदामा के चरित्र की भावपूर्ण तथा श्रवण करते हुए कहा सुदामा भगवान श्री कृष्ण के अकिंचन भक्त थे। ऐसा भक्त आज तक ना तो हुआ है और ना ही होगा। भगवान श्री कृष्ण ने अपने परम मित्र सुदामा के साथ मित्रता का जैसा निर्वाह किया वैसा उदाहरण अन्यत्र देखने को कभी नहीं मिलता। सुदामा इतने दीन थे उनके पास दो वक्त का भोजन की व्यवस्था भी नहीं होती थी। कई बार उन्हें और उनके परिवार को केवल जल पीकर निर्वाह करना पड़ता था।फिर भी उनके मन में तनिक भी असंतोष नहीं था, और ना ही कभी किसी से याचना करने का भाव जागृत हुआ। वे दिन रात भगवत भजन में तल्लीन रहते थे। पत्नी सुशीला के आग्रह पर सुदामा जी अपने परम मित्र श्री कृष्ण से मिलने द्वारिकापुरी नंगे पाँव चलकर पहुंचे।उनके शरीर पर फटी हुई धोती, हाथ में सहारे के लिए टूटी ही सी लकड़ी, दुर्बल थका हुआ शरीर। द्वारकाधीश श्री कृष्ण को जैसे ही सुदामा के आने का संदेश मिला वे नंगे पांव दौड़ते हुए महल के द्वार पर पहुंचे,मित्र सुदामा को गले से लगाकर भाव विव्हल हो गए।उनके नेत्रों से अश्रु झरने लगे। उन्होंने भक्त सुदामा का भव्य सत्कार किया। उनके द्वारा लाए गए चावलों को प्रेम पूर्वक ग्रहण किया। उनकी दरिद्रता को दूर कर अनन्त ऐश्वर्य प्रदान किया। इतना सब कुछ प्राप्त होने के बाद भी सुदामा जी के मन में तनिक भी अहंकार एवं प्रमाद नहीं आया क्योंकि सुदामा सर्वदा संतोष में रहने वाले हैं। सर्वोत्तम सुखका साधन संतोष है। विषयासक्त मनुष्य भोगजगत् में सदा असंतोषी रहता है, जितना जो कुछ पाता है, उसमें सदा ही कमीका अनुभव करता है और अधिक पाना चाहता है। उसके लिये जो कुछ करता है, उससे अधिक—और भी अधिक करना चाहता है। इसी असंतोष-वृत्तिको लेकर वह अपना कार्यक्षेत्र बढ़ाता रहता है, परिणाममें अपने-ही-आप अपने को सब ओरसे जकड़कर बुरी तरह फँस जाता है तथा रात-दिन चिंता, भय, विषादसे घिरा रहता है। कभी किसी भी अवस्थामें वह शांति नहीं पाता।

परमार्थ-साधन या भजन बनता नहीं और सच्चे शांति-सुखकी प्राप्ति होती नहीं। श्री कौशिक जी महाराज ने दत्तात्रेय जी द्वारा 24 गुरुओं से शिक्षा ग्रहण करने की कथा भी सुनाई।

कथा के मुख्य यजमान डॉ कृष्ण कुमार श्रीवास्तव एवं श्रीमती अलका श्रीवास्तव, रामकुमार,अरुणा,साकेत, डॉ रूपल, डॉ प्रत्युष, डॉ रूपल, संतोष, आयुष,आर्यन, हर्ष,नेहा, ईशा, लक्ष्मी,आस्था,श्रुति, अव्यन,रवि श्रीवास्तव ने श्रीमद्भागवत जी की आरती की।

डीडी स्पोर्ट्स बैडमिंटन अकादमी की तीन बालिकाओं का एमपी में चयन

ग्वालियर- महज एक साल पहले शुरू हुई डीडी स्पोर्ट्स बैडमिंटन अकादमी ने बड़ी कामयाबी हासिल की है। अकादमी की तीन होनहार बालिकाएँ सिया सेन, लवण्या राजक और आराध्या का चयन देश की प्रतिष्ठित एमपी गोपीचंद बैडमिंटन अकादमी में हुआ है। एमपी गोपीचंद बैडमिंटन अकादमी मध्यप्रदेश शासन के खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा संचालित है और पद्मभूषण पुलेला गोपीचंद के मार्गदर्शन में उभरते खिलाड़ियों को विश्वस्तरीय प्रशिक्षण उपलब्ध कराती है। डीडी स्पोर्ट्स अकादमी के संस्थापक संजीव कुमार ने इस उपलब्धि को खिलाड़ियों की मेहनत और प्रशिक्षकों की लगन का परिणाम बताया। उन्होंने कहा कि मात्र एक वर्ष में हमारी तीन छात्राओं का इतने बड़े संस्थान में चयन होना हम सबके लिए गर्व का क्षण है। यह सिर्फ शुरुआत है, हम आगे भी खिलाड़ियों को नई ऊँचाइयों तक पहुँचाने का प्रयास करेंगे।

रांग साइड वाहन चलायेंगे तो घर पहुंचेगा चालान : विदिता डागर

ग्वालियर 7 अक्टूबर. दीपावली पर्व पर महाराज बाड़ा क्षेत्र में यातायात व्यवस्था के सफल संचालन को दृष्टिगत रखते हुए आज 'चेम्बर भवन' में पुलिस प्रशासन एवं नगर निगम प्रशासन के साथ बैठक का आयोजन किया गया. बैठक को सम्बोधित करते हुए अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक-श्री विदिता डागर ने कहा कि आज बैठक में यह भरोसा दिलाने नहीं आये हैं कि यातायात व्यवस्था को 100 प्रतिशत सुधार दिया जायेगा अपितु यह भरोसा दिलाने आये हैं कि हम आप लोगों के साथ मिलकर व्यवस्था को सुधारने का प्रयास करेंगे. व्यापारियों व आमजन की दीपावली अच्छे से मने इसके लिए हम प्रयासरत रहते हैं. पुलिस का मेजर काम अपराधों को रोकना है और यदि अपराध हो जाये तो अपराधियों की धरपकड़ करना. इसमें हमारा 95' समय चला जाता है. इस कार्य के जरिये हम केवल की 2-3 प्रतिशत जनसंख्या के सम्पर्क में ही पुलिस आ पाती है लेकिन जब हम यातायात की बात करते हैं तो पूरे वर्ग के साथ हम सम्पर्क में आते हैं. हमारे पास रिसोर्स की कमी है फिर भी हम प्रयास करेंगे कि दीपावली के सीजन में यातायात व्यवस्था बेहतर हो. आपने कहा कि पिछले दो हफ्ते में हमने जितने भी भीड़भाड़ वाले क्षेत्र हैं उनमें फोर्स के साथ भ्रमण भी किया है और यह समझने का प्रयास किया है कि कहां पर क्या समस्या है. बैठक में चेम्बर के अध्यक्ष डॉ. प्रवीण अग्रवाल, पूर्व उपाध्यक्ष एवं नजरबाग मार्केट एसोसिएशन के अध्यक्ष-श्री सुरेश बंसल, सोना-चांदी व्यवसाय संघ के अध्यक्ष-पुरूषोत्तम जैन, टोपी बाजार संघ के अध्यक्ष-मोहन माहेश्वरी, टोपी बाजार एसोसिएशन के अध्यक्ष-संदीप वैश्य, सुभाष मार्केट एसोसिएशन के अध्यक्ष-गोपाल छावड़ा, ग्वालियर बर्तन निर्माता संघ के अध्यक्ष-विनोद गिडवानी, सचिव-माधव अग्रवाल, माधौगंज क्षेत्र से दिनेश तपा, पाटनकर बाजार क्षेत्र से आशीष जैन, डीडवाना ओली से संतोष जैन आदि ने बाजारों की समस्याएं एवं सुझाव बैठक में रखे.

नामांकन विज्ञप्ति/आम सूचना

एतद् द्वारा सर्व धारण को सूचित किया जाता है कि नगर निगम ग्वालियर क्षेत्र के अंतर्गत मेरी संपत्ति क्षेत्र क्रमांक 18 वार्ड क्रमांक 49 भवन क्रमांक स्थान जी.डी. इन्कलेब में स्थित है जो कि स्वामी शांति प्रकाश डबलपर्स द्वारा पार्टनर श्री सुनील तनेजा /पिता श्री धनश्यामदास तनेजा के नाम से नगर निगम में आईडी क्रमांक 9000079644 पर दर्ज है नही है जिसका क्षेत्रफल 375 वर्गफुट है उक्त संपत्ति को मेरे दुवारा रजिस्टर विक्रय पत्र क्रमांक 01012101092025015199 दिनांक 01/09/2025 दुवारा प्राप्त किया गया है उक्त संपत्ति का मेरे दुवारा मध्य प्रदेश नगर पालिका निगम अधिनियम 1956 अंतर्गत धारा 167 के आशयों की पूर्ति संपत्तिकर एवं एवं अन्य उपकर की वसूली हेतु नामांकन आवेदन जनमित्र समाधान केन्द्र गोरखी पानी की टंकी के पास क्षेत्र क्रमांक 18 आवेदन दिनांक 06/10/2025 को किया गया है जिसका आवेदन कार्य क्रमांक 83/2010/18270/40572 प्रकरण क्रमांक 3/11है। उक्त के संबंध में यदि किसी को आपत्ति हो तो कार्यालय आयुक्त नगर निगम ग्वालियर सिटी सेंटर में स्थित संपत्ति कर विभाग कक्ष क्रमांक 202/205 में प्रकाशन दिनांक से 15 दिवस की अवधि में लिखित में अपनी आपत्ति में सुसंगत दस्तावेज सहित प्रस्तुत करें नियम अवधि पश्चात कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी एवं उक्त कार्यालय दुवारा युक्तियुक्त निर्णय लिया जावेगा।

विज्ञप्ति जारी दिनांक 07.10.2025

आवेदक का नाम
श्रीमती निधि सिधवानी
पति श्री हरीश सिधवानी
जी.डी.इन्कलेब वार्ड-49

नामांकन विज्ञप्ति/आम सूचना

एतद् द्वारा सर्व धारण को सूचित किया जाता है कि नगर निगम ग्वालियर क्षेत्र के अंतर्गत मेरी संपत्ति क्षेत्र क्रमांक 18 वार्ड क्रमांक 49 भवन क्रमांक स्थान जी.डी. इन्कलेब में स्थित है जो कि स्वामी शांति प्रकाश डबलपर्स द्वारा पार्टनर श्री सुनील तनेजा /पिता श्री धनश्यामदास तनेजा के नाम से नगर निगम में आईडी क्रमांक 9000079646 पर दर्ज है नही है जिसका क्षेत्रफल 2902 वर्गफुट है उक्त संपत्ति को मेरे दुवारा रजिस्टर विक्रय पत्र क्रमांक MP142602024A1043579 दिनांक 10/01/2024 दुवारा प्राप्त किया गया है उक्त संपत्ति का मेरे दुवारा मध्य प्रदेश नगर पालिका निगम अधिनियम 1956 अंतर्गत धारा 167 के आशयों की पूर्ति संपत्तिकर एवं एवं अन्य उपकर की वसूली हेतु नामांकन आवेदन जनमित्र समाधान केन्द्र गोरखी पानी की टंकी के पास क्षेत्र क्रमांक 18 आवेदन दिनांक 06/10/2025 को किया गया है जिसका आवेदन कार्य क्रमांक 83/2010/18273/40575 प्रकरण क्रमांक 3/11 है। उक्त के संबंध में यदि किसी को आपत्ति हो तो कार्यालय आयुक्त नगर निगम ग्वालियर सिटी सेंटर में स्थित संपत्ति कर विभाग कक्ष क्रमांक 202/205 में प्रकाशन दिनांक से 15 दिवस की अवधि में लिखित में अपनी आपत्ति में सुसंगत दस्तावेज सहित प्रस्तुत करें नियम अवधि पश्चात कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी एवं उक्त कार्यालय दुवारा युक्तियुक्त निर्णय लिया जावेगा।

विज्ञप्ति जारी दिनांक 07.10.2025

आवेदक का नाम
श्री संतोष कुमार वाधवानी
पिता श्री गोविन्द दास वाधवानी
जी.डी.इन्कलेब वार्ड-49

आम सूचना

आवेदक प्रेम सिंह सिकरवार पुत्र श्री कप्तान सिंह, के निर्देशानुसार सूचित किया जाता है कि, आवेदक के स्वत्व स्वामित्व एवं आधिपत्य अचल संपत्ति, क्षेत्रफल 800 वर्गफीट, सर्वे क्रमांक 1541 ग्राम मुरैनागांव, न. नि. वार्ड 07 दौजीवार्ड, तहसील एवं जिला मुरैना (म.प्र.) में स्थित होकर जिसकी चर्तुसीमा निम्न प्रकार है : पूर्व में - 20 फीट रोड, पश्चिम में - भूमि बिक्रेता, उत्तर में - प्लॉट क्रमांक 09 रामरती एवं दक्षिण में - प्लॉट नं. 07 है, जिसे आवेदक ने जसवंत सिंह पुत्र श्री दीनानाथ से जर्ये रजिस्टर्ड बिक्रय पत्र पंजीयन दिनांक 14/08/2024 व दस्तावेज क्रमांक एमपी 25792024ए11029102 से क्रय क्रय की गई है। उक्त सर्वे नंबर की भूमि के बिक्रेता जसवंत सिंह पुत्र श्री दीनानाथ के अतिरिक्त अन्य सहस्वामी है किन्तु आवेदकानुसार बिक्रेता जसवंत सिंह ने अपने हिस्से की भूमि में से ही आवेदक को उक्त अचल संपत्ति विक्रय की गई है जिसमें सहस्वामी को कोई आपत्ति नहीं थी। आवेदक द्वारा पूर्णरूपेण सहमत होकर मेरे पक्षकार के यहां उक्त संपत्ति साम्यिक बंधक कर ऋण हेतु आवेदन किया है जो विचाराधीन है। फिर भी यदि प्रस्तावित ऋण हेतु उक्त सर्वे नंबर की भूमि के सहस्वामियों या किसी व्यक्ति, बैंक संस्था निकाय आदि को उक्त संपत्ति या उसके भाग के संबंध में किसी प्रकार की कोई या कैसी भी आपत्ति किसी भी माध्यम से अधिकार होने का दावा या आपत्ति आदि करता हो तो वह मेरे नीचे लिखे नाम व पते पर मय दस्तावेजी प्रमाण के लिखित रूप में नोटिस प्रकाशन से 7 दिवस के अंदर प्रस्तुत करें अन्यथा समयोपरांत् ऋण आवेदन स्वीकार योग्य पाये जाने पर उक्त संपत्ति बंधक कर ली जावेगी। तदोपरांत् कोई भी आपत्ति कतई स्वीकार योग्य न होकर निरर्थक, त्याग दी गई समझी जाकर शून्य होगी तथा बंधकगृहिता पर कतई बंधनकारी नहीं होगी तद्नुसार सूचित हो। दिनांक 07.10.2025

प्रेषक- गजेन्द्र कुमार भार्गव (एडवोकेट)
कार्या./नि.- हैदरगंज, मामा का बाजार, लश्कर, ग्वालियर (म.प्र.)
कार्या. समय : 7:00 से 9:00 (सुबह एवं शाम)
मो. 9301122311

नामांकन विज्ञप्ति/आम सूचना

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है नगर निगम ग्वालियर के क्षेत्र अंतर्गत मेरी संपत्ति क्षे. क्र. 22 वार्ड क्र. 62, स्थानः शिव निवारा ग्रीन पर स्थित है जो विक्रेता अनुरूद्ध सिंह चौहान/स्व. लक्ष्मण सिंह 2.धनमय सिंह भदौरिया/अहिवरन सिंह के नाम से नगर निगम में आई.डी. क्र.9000017210 पर काबिज दर्ज है। जिसका क्षेत्रफल 800 वर्गफुट है। उक्त संपति को मेरे द्वारा रजिस्टर्ड विक्रय-पत्र क्र. A11570453 दिनांक 10.3.2023 के द्वारा प्राप्त किया गया है उक्त सम्पति का मेरे द्वारा मध्य प्रदेश नगर पालिका निगम अधिनियम 1956 अंतर्गत धारा 167 के आशयो की पूर्ति सम्पतिकर एव अन्य उपकर की वसूली हेतु नामांकन आवेदन मेरे द्वारा ऑनलाईन आज दिनांक 3.09.2025 को किया गया है जिसका आवेदन क्रं. PT- 22360 है। उक्त के संबंध में यदि किसी को आपति हो तो कार्यालय आयुक्त, नगर निगम ग्वालियर, सिटी सेन्टर में स्थित सम्पतिकर विभाग कक्ष क्रं. 202, 205 में प्रकाशन दिनांक से 15 दिवस की अवधि में लिखित में अपनी आपति मय सुसंगत दस्तावेज सहित प्रस्तुत करें। नियम अवधि पश्चात कोई आपति मान्य नहीं होगी एवं उक्त कार्यालय द्वारा युक्तियुक्त निर्णय लिया जावेगा।

आवेदक का नाम/पता

दिनांक-7/10/2025
आरती गुप्ता/मोहित गुप्ता
शिव निवारा ग्रीन, सैंथरी

CHANGE OF NAME & DOB

I, Army Service No. 23003147Y Rank- LNK Name- **SOUMEN DAS** Residing at Village- Tirol, Post- Tirol, Tehsil- Arambagh, District- Hooghly, State- West Bengal Pin- 712602 have changed my Father's Name from **BARUN KUMAR DAS** to **BARUN DAS** & Date of Birth from **15/10/1968** to **16/01/1968** due to mismatch in my Army Service Record.

Vide Affidavit No. BX 771188 Dated 06/10/2025 before High Court, Gwalior (M.P.).

CHANGE OF NAME & DOB

I, **Army Service No. 15801369L Rank- NK Name- SHASHANK KUMAR** Residing at Village- Naugawan, Post- Harchandkhera, Tehsil- Narwal, District- Kanpur Nagar, State- Uttar Pradesh Pin- 209401 have changed my Mother's Name from **MITHLESH** to **MITHLESH MISHRA** & Date of Birth from **05/04/1972** to **01/07/1976** due to mismatch in my Army Service Record.

Vide Affidavit No. BX 771192 Dated 06/10/2025 before High Court, Gwalior (M.P.).

गुमशुदा की तलाश

नाम गुमशुदा रेखा आदिवासी पत्नी शंकर आदिवासी उम्र 30 साल व बेटी चाँदनी उम्र 8 माह निवासी रुस्तम गुर्जर का मकान, सिरोल कॉलोनी, थाना सिरोल, जिला ग्वालियर, हुलिया रंग सावला, लम्बाई करीबन 5 फुट, पीले रंग की साडी ब्लाउज पहिने हुये है। दिनाँक 09.07.2025 की सुबह करीबन 10 बजे सिरोल जिला ग्वालियर से बिना बताये कहीं चली गई है। अगर किसी को कोई जानकारी मिलती है तो थाना सिरोल को नीचे दिये गये नम्बरों पर सूचित करने की कृपा करें। सूचना कर्ता शंकर आदिवासी पुत्र हरिदास आदिवासी मो. 7724002325, 9691897094, 7587629265, 7049101029

नामांकन विज्ञप्ति/आम सूचना भवन स्वामी द्वारा जारी

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि नगर निगम ग्वालियर क्षेत्र के अंतर्गत मेरी संपत्ति क्षेत्र क्रं 16, वार्ड क्रं 37,भवन क्रं 1544 स्थान जाग्रती नगर ग्वा0 पर स्थित है जो कि नवल किशोर अग्रवाल/ज्ञानचन्द्र अग्रवाल, श्रीमती निकेतन अग्रवाल/नवल किशोर अग्रवाल के नाम से नगर निगम मे आई डी क्रं. 1000108479 पर दर्ज है। जिसका क्षेत्रफ्ल 1200 वर्गफुट है। संपत्ति नगर निगम क्षेत्र स्थित होकर रजिस्टर्ड विक्रय पत्र क्रं एमपी142602025ए1019276 दिनांक 08.01.2025 द्वारा प्राप्त हुई है। सम्पत्ति के दस्तावेज मेरे द्वारा जनमित्र केन्द्र पर दिनांक 06.10.2025 को जमा करा दिया गया है। जिसका आवेदक श्रीमती सोना देवी कुशवाह/अमर सिंह कुशवाह नाम एवं आवेदन कार्य क्रं 81/2010/38133/60346 प्र. क्र.... 3/11 है। उक्त के संबंध में यदि किसी को आपत्ति हो तो कार्यालय आयुक्त नगर निगम ग्वालियर सिटि सेंटर मे स्थित संपत्तिकर विभाग कक्ष क्रं. 205,202 मे प्रकाशन दिनांक से 15 दिवस की अवधि में लिखित में अपनी आपत्ति मय सुसंगत दस्तावेज सहित प्रस्तुत करें। नियत अवधि पश्चात कोई आपत्ति मान्य नही होगी एंव उक्त कार्यालय द्वारा युक्तियुक्त निर्णय लिया जावेगा।

विज्ञप्ति जारी दिनांक. 07.10.2025

आवेदक-श्रीमती सोना देवी कुशवाह/ अमर सिंह कुशवाह, पता-जाग्रती नगर ग्वालियर

न्यायालय भाड़ा नियंत्रक रायपुर, छत्तीसगढ़

// समाचार पत्र में ईश्तहार प्रकाशन //
प्रकरण क्र.01-ब/121 वर्ष 2024-25
गौरव जैन वि. हरीश भोजवानी एण्ड सन्स एवं अन्य
क्र./210/आर.सी.ए./2025 रायपुर, 6/10/2025

प्रति,
श्री हरीश भोजवानी एण्ड संस (एच.यू.एफ)
पिता-श्री गुरमुख लाल भोजवानी,
निवासी एफ-40, 1st फ्लोर, संजय काम्प्लेक्स, जयेन्द्रगंज, ग्वालियर (म.प्र.)

विषय-प्रकरण में पक्ष समर्थन हेतु न्यायालय में उपस्थित होने बाबत्।

न्यायालय भाड़ा नियंत्रण के प्रकरण क्र. 01-ब/121 वर्ष 2024-25 में आवेदक श्री गौरव जैन, पिता श्री गुलाब जैन पता 401 गुरु घासीदास प्लाजा आमापारा, रायपुर के द्वारा आपके विरूद्ध छ.ग. भाड़ा नियंत्रण अधिनियम 2011 के अंतर्गत आवेदन पत्र प्रस्तुत करते हुए आवेदक के स्वामित्व के दुकान नं. 33, गुरु घासीदास प्लाजा आमापारा, रायपुर को आपके द्वारा किराये पर लिया गया था। उक्त वादग्रस्त दुकान को किराये पर लिये जाने के पश्चात आपके द्वारा किराया राशि अदा नहीं किये जाने से बकाया किराया राशि की मांग हेतु न्यायालय भाड़ा नियंत्रण रायपुर में आवेदन प्रस्तुत किया है। आवेदक द्वारा प्रस्तुत आवेदन पर प्रकरण पंजीबद्ध किया गया है। जो दिनांक 30.10.2025 को सुनवाई हेतु नियत है। अतएव आप प्रकरण में नियत सुनवाई दिनांक 30.10.2025 को स्वतः अथवा वैध प्रतिनिधि के माध्यम से न्यायालय भाड़ा नियंत्रण कक्ष क्र. 11 में दोपहर 3 बजे उपस्थित होकर अपने समर्थन में अपना पक्ष रखें। अन्यथा प्रकरण में आपके विरूद्ध एकपक्षीय कार्यवाही की जावेगी।

आज दिनांक 6/10/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

सील

भाड़ा नियंत्रक, रायपुर

शोक सभा उठावनी (रस्म पगड़ी)

बड़े दुख के साथ सूचित किया जाता है कि पवन कुमार जैन पुत्र स्व. श्री रामस्वरूप जैन करहिया वाले का असामयिक निधन दिनांक 5-10-2025 रविवार को होगया है। इनकी शोक सभा उठावनी एवं तत्पश्चात रस्म पगड़ी दिनांक 8-10-2025 बुधवार को श्री ऋषभ धर्मशाला मामा का बाजार में सायंकाल 3.00 बजे से 4.00 बजे तक आयोजित की जाएगी।

शोकाकुल परिवार- सुमत जैन , श्रेयांश जैन, राजकुमार जैन (भ्राता गण), अंकित जैन (पुत्र), पंकज जैन, आशीष जैन, शैलेन्द्र जैन, गौरव जैन, मुकुल जैन (भतीजे), अक्षत जैन(नाती), एवं समस्त रोसरिया परिवार करहिया वाले कदम साहब का बाड़ा माधवगंज लश्कर ग्वालियर (म प्र)

कार्यालयः क्षेत्रीय ग्रामीण विकास एवं पंचायतराज प्रशिक्षण केन्द्र ग्वालियर म.प्र.
(पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग, म.प्र. शासन)

दूरभाषः 0751-2920291, ई-मेलः etcgwalior@yahoo.com, etcgwalior@gmail.com

निविदा आमंत्रण

संस्थान के द्वारा जनपद पंचायत एवं क्लस्टर स्तर पर निर्वाचित जनप्रतिनिधियों/पंचायत पदाधिकारियों के लिए विभिन्न प्रशिक्षण, कार्यशाला एवं सेमीनार आयोजित किये जाने है। प्रशिक्षणार्थियों/प्रतिभागियों की संख्या के अनुसार प्रशिक्षण स्थल पर आवश्यकता अनुसार बैठक व्यवस्था हेतु टेन्ट, कुर्सी, साउंड, एल.सी.डी. प्रोजेक्टर, व्हाईट बोर्ड एवं जनरेटर हेतु निविदाएं आमंत्रित की जाती है। निविदा फार्म एवं शर्तें कार्यालयीन समय में (अवकाश के दिवस छोड़कर) 500/- रूपये (पांच सौ रूपये मात्र) नगद जमा कर दिनांक 15 अक्टूबर 2025 तक प्राप्त की जा सकती है। निविदा फार्म जमा करने की अंतिम तिथि दिनांक 17 अक्टूबर 2025 दोपहर 12.00 बजे तक होगी। प्राप्त निविदाएं 17 अक्टूबर 2025 को दोपहर 3.00 बजे निविदाकारों अथवा उनके प्रतिनिधि के समक्ष खोली जायेगी। निविदा स्वीकृति/निरस्ती के समस्त अधिकार अधोहस्ताक्षरकर्ता के पास सुरक्षित होगें।

उपायुक्त (वि)/प्राचार्य
क्षेत्रीय ग्रामीण विकास एवं पंचायत
प्रशिक्षण केन्द्र, ग्वालियर म.प्र.

कार्यालय संयुक्त संचालक, नगर तथा ग्राम निवेश जिला कार्यालय ग्वालियर (म.प्र.)

क्रमांक GWLLP09092534617/ दिनांक/06 OCT/2025

म.प्र. नगर तथा ग्राम निवेश अधिनियम, 1973 की धारा 29(3) सहपठित म.प्र. भूमि विकास निगम, 2012 के नियम 14(3) के अधीन दी गई अनुज्ञा में उपांतरण की दशा में आपत्तियां आमंत्रित करने हेतु

जनसामान्य की जानकारी हेतु एतद् द्वारा यह अधिसूचित किया जाता है कि श्री/श्रीमती/मैसर्स (SAUMYA AGARWAL)-M/S INDICON REALTORS THROUGH PARTNER- 1. MR. ABHINAV SHARMA S/O SHRI KRISHAN GOPAL SHARMA 2. MR. DILIP SINGH S/O SHRI SARNAM SINGH 3. M/S NAVKRITI HOUSING PVT LTD THROUGH DIRECTOR- MR. YOGESH KHANDELWAL S/O SHRI SOHAN LAL KHANDELWAL 4. MRS. SAUMYA AGARWAL D/O SHRI PANKAJ AGRAWAL द्वारा नीचे दिये गये अभिन्यास में उपांतरण हेतु आवेदन किया है।

(क) परियोजना का नाम - RESIDENTIAL LAYOUT
(ख) अवस्थित (अवस्थिति/ग्राम का नाम एवं खसरा क्रमांक)- पूर्व स्वीकृत ग्राम Lakhnoti Kalan तहसील City Center व जिला Gwalior की भूमि सर्वे क्रमांक /खसरा क्रमांक 25/1, 27, 29, 30, 31/2, 39/1, 39/2 कुल रकबा 2.947 हैक्टेयर भूमि पर AGRICULTURE, EXTENTION OF RURAL SETTELMENT (UPTO 250 METER) विकास हेतु अनुमोदित अभिन्यास में संशोधित अभिन्यास का अनुमोदन चाहा गया है।
(ग) विकास का प्रयोजन - AGRICULTURE, EXTENTION OF RURAL SETTELMENT (UPTO 250 METER)
(घ) GWLLP06022532487/ दिनांक / 2025-03-26

पूर्व स्वीकृत अभिन्यास में यदि उपांतरण किया जाता है तो उससे परियोजना से जुड़े व्यक्ति/संस्था के हित प्रभावित होने की संभावना है। कोई भी हितबद्ध व्यक्ति, उपांतरणों से संबंधित अपनी आपत्ति या सुझाव इस सूचना के प्रकाशन के 15 दिवस के भीतर अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में अथवा **https://alpass.mp.gov.in/Web/objection.aspx?RefApp=64J8Xxl2RF1819** पर प्रस्तुत कर सकेगा। पूर्व स्वीकृत अभिन्यास के ब्यौरे तथा प्रस्तावित उपांतरण अभिन्यास का निरीक्षण हितबद्ध व्यक्ति द्वारा उपरोक्त कार्यालय में कार्यालयीन समय के दौरान अथवा https://alpass.mp.gov.in/Web/uLogin.aspx पर किया जा सकता है

संयुक्त संचालक
नगर तथा ग्राम निवेश
जिला ग्वालियर (म.प्र.)

आम सूचना

श्री विनय शर्मा पुत्र श्री भानूप्रताप शर्मा के स्वत्व, स्वामित्व व आधिपत्य की अचल सम्पत्ति भूखण्ड क्र.126, स्थित रामरती विहार फेस-2, ग्राम चकरायपुर, तहसील व जिला ग्वालियर (म.प्र.) है जो नगर निगम ग्वालियर वार्ड क्र.63 में स्थित है जो भूमि सर्वे क्र.164/2/2 एवं 164/2/1 ग्राम चकरायपुर का भाग है एवं जिसका क्षेत्रफल 900 वर्गफीट है और चर्तुसीमा निम्न प्रकार है :-पूर्व में-भूखण्ड क्र.127 श्रीमती पूनम सिंह, पश्चिम में-भूखण्ड क्र.125 श्रीमती सीता, उत्तर में-रास्ता कॉलोनी 25 फुट चौड़ा एवं दक्षिण में-भूखण्ड क्र.119 विक्रेता है। उक्त सम्पत्ति एवं संलग्न अन्य सम्पत्ति पूर्व में श्री हेवरन सिंह एवं श्री राजेन्द्र सिंह पुत्रगण श्री बलराम एवं अन्य के संयुक्त स्वत्व स्वामित्व की थी। श्री हेवरन सिंह एवं श्री राजेन्द्र सिंह द्वारा सम्पत्ति रकवा 0.418 हैक्टेयर एरिया श्री रामवरन सिंह गुर्जर पुत्र श्री बैजनाथ सिंह को ई-रजिस्टर्ड विक्रय विलेख क्र.एमपी 142592019ए1096063 दिनांक 08.02.2019 से विक्रय की गई। श्री रामवरन सिंह गुर्जर द्वारा अपने भाग की सम्पत्ति के संबंध में श्री रामसनेही शर्मा पुत्र श्री ओमप्रकाश शर्मा के हित में ई-रजिस्टर्ड मुख्त्यारआम विलेख क्र.एमपी 142592023ए41540390 दिनांक 01.03.2023 को सम्पादित किया गया। श्री रामवरन सिंह गुर्जर जर्ये मुख्त्यारआम श्री रामसनेही शर्मा द्वारा सम्पत्ति रकवा 0.3657 हैक्टेयर एरिया श्रीमती आशा तोमर पत्नी श्री इंद्रपाल सिंह को ई-रजिस्टर्ड विक्रय विलेख क्र. एमपी142592023ए12196385 दिनांक 28.07.2023 से विक्रय की गई। श्रीमती आशा तोमर का स्वर्गवास दिनांक 02.12.2024 को हो जाने के उपरांत, उनके पति श्री इंद्रपाल सिंह तोमर पुत्र श्री हीरा सिंह तोमर उनकी सम्पत्ति के मालिक हुये एवं भू-राजस्व रिकॉर्ड में अपना नाम इंद्राज कराया गया। श्री इंद्रपाल सिंह तोमर द्वारा उक्त सम्पत्ति श्री विनय शर्मा पुत्र श्री भानू प्रताप शर्मा को ई-रजिस्टर्ड विक्रय विलेख क्र. एमपी21आईजीआर 17412025 ए100740885 दिनांक 21.08.2025 से विक्रय की गई। श्री विनय शर्मा द्वारा उक्त सम्पत्ति को विक्रय किये जाने हेतु श्री सूर्यप्रताप सिंह तोमर पुत्र श्री प्रदीप सिंह के पक्ष में एक लिखतम विक्रय अनुबन्ध पत्र सम्पादित किया जा चुका है एवं रजिस्टर्ड विक्रय विलेख सम्पादित किया जाना शेष है। श्री सूर्यप्रताप सिंह तोमर द्वारा उक्त सम्पत्ति को क्रय किये जाने हेतु मेरे पक्षकार वित्तीय संस्थान बन्धन बैंक लि. ग्वालियर के समक्ष बंधक किया जाकर ऋण प्राप्त किये जाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है। इस कारण जिस किसी व्यक्ति, फर्म, संस्था, निगम अथवा निकाय एवं उक्त सर्वे क्रमांको के अन्य सहस्वामियों को एवं श्रीमती आशा तोमर के अन्य उत्तराधिकारियों को उक्त सम्पत्ति को मेरे पक्षकार के पक्ष में बन्धक किये जाने अथवा उक्त सम्पत्ति के स्वत्व स्वामित्व एवं आधिपत्य के सम्बन्ध में किसी प्रकार का हित-निहित होने अथवा किसी प्रकार की आपत्ति होने पर मेरे कार्यालय में अथवा मेरे पक्षकार के कार्यालय में लिखित आपत्ति मय दस्तावेज इस सूचना प्रकाशन के 7 दिवस के भीतर प्रस्तुत करें। उक्त अवधि समाप्त होने उपरांत वर्णित अचल सम्पत्ति मेरे पक्षकार के पक्ष में बंधक की जाकर ऋण प्रदान करने की कार्यवाही की जावेगी। तत्पश्चात हर प्रकार की आपत्ति मेरे पक्षकार के विरूद्ध प्रभावहीन होकर शून्य होगी। कृपया सूचित हो।

प्रेषक
नीरज जैन, एडवोकेट
कार्या.-भवन क्र.52, कैलाश विहार,
फैडरल बैंक के पास सिटी सेन्टर, ग्वालियर
(म.प्र.), मो.नं. 98276-72710

आम सूचना

श्री योगेश जाटव पुत्र श्री सतीश जाटव के स्वत्व, स्वामित्व व आधिपत्य की अचल सम्पत्ति भूखण्ड, स्थित अमरपुरा, ग्राम बुजुर्ग, प.ह.नं.56, रा.नि.मं.02 डबरा, तहसील डबरा एवं जिला ग्वालियर (म.प्र.) है जो नगर पालिका डबरा वार्ड क्र.05 में स्थित है जिसका नगर पालिका डबरा बुक क्र.532/44 है एवं जिसका क्षेत्रफल 560 वर्गफुट है और चर्तुसीमा निम्न प्रकार है :-पूर्व में-भवन श्री गोपाल, पश्चिम में-भवन रानी, उत्तर में-रास्ता 15 फुट चौड़ा एवं दक्षिण में-सम्पत्ति सिंधी है। पूर्व में श्री पन्नू पुत्र श्री कंगलिया एवं श्रीमती हीरो पत्नी श्री पन्नू द्वारा उक्त सम्पत्ति एवं संलग्न अन्य सम्पत्ति के संबंध में श्री सतीश कुमार एवं श्री महेश कुमार पुत्रगण श्री बाबू के हित में नोटराईज्ड विक्रय अनुबंध पत्र क्र.1880 नोटरी श्री जे.डी.गुप्ता के समक्ष दिनांक 22.08.1991 को सम्पादित किया गया, जिसके आधार पर उक्त सम्पत्ति एवं संलग्न अन्य सम्पत्ति का पूर्ण प्रतिफल प्राप्त कर सम्पत्ति का आधिपत्य श्री सतीश कुमार एवं श्री महेश कुमार को हस्तांतरित किया गया। श्री सतीश द्वारा उक्त सम्पत्ति श्री योगेश जाटव पुत्र श्री सतीश जाटव को ई-रजिस्टर्ड विक्रय विलेख क्र.एमपी142582024ए1261336 दिनांक 29.02.2024 से विक्रय की गई। उक्त सम्पत्ति से संबंधित वर्ष 2024 से पूर्व कोई भी रजिस्टर्ड दस्तावेज उपलब्ध नहीं है। उक्त सम्पत्ति के वर्तमान स्वामी द्वारा ऐसा अवगत कराया गया है कि उक्त विक्रय अनुबंध पत्र दिनांक 22.08.1991 की मूलप्रति गुम हो गई हैं। श्री योगेश जाटव द्वारा उक्त सम्पत्ति को मेरे पक्षकार वित्तीय संस्थान टायगर कैपिटल प्राइवेट लिमिटेड, ग्वालियर के समक्ष बंधक किया जाकर ऋण प्राप्त किये जाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है। इस कारण जिस किसी व्यक्ति, फर्म, संस्था, निगम अथवा निकाय को उक्त विक्रय अनुबंध पत्र दिनांक 22.08.1991 की मूलप्रति प्राप्त हों तो वह मूल दस्तावेज प्रदान करें एवं जिस किसी व्यक्ति, फर्म, संस्था, निगम, निकाय अथवा उक्त सम्पत्ति के अन्य सहस्वामियों को उक्त सम्पत्ति को मेरे पक्षकार के पक्ष में बन्धक किये जाने अथवा उक्त सम्पत्ति के स्वत्व स्वामित्व, एवं आधिपत्य के सम्बन्ध में किसी प्रकार की आपत्ति होने पर दस्तावेज सहित मेरे कार्यालय में अथवा मेरे पक्षकार के कार्यालय में लिखित आपत्ति मय दस्तावेज इस सूचना प्रकाशन के 7 दिवस के भीतर प्रस्तुत करें। उक्त अवधि के समाप्त होते ही उपरोक्त वर्णित अचल सम्पत्ति मेरे पक्षकार के पक्ष में बंधक की जाकर ऋण प्रदान करने की कार्यवाही की जावेगी। तत्पश्चात हर प्रकार की आपत्ति प्रभावहीन होकर शून्य होगी। कृपया सूचित हो।

प्रेषक
नीरज जैन, एडवोकेट
कार्या.-भवन क्र.52, कैलाश विहार,
फैडरल बैंक के पास सिटी सेन्टर, ग्वालियर
(म.प्र.), मो.नं. 98276-72710

आम सूचना

श्रीमती ममता बाथम पत्नी श्री रमेश बाथम के स्वत्व, स्वामित्व व आधिपत्य की अचल सम्पत्ति भवन क्र.405, स्थित मंगलेश्वर रोड मंदिर के पीछे, लधेड़ी, तहसील एवं जिला ग्वालियर (म.प्र.) है जो नगर निगम ग्वालियर वार्ड क्र.06 में स्थित है एवं जिसका क्षेत्रफल 545 वर्गफुट है और चर्तुसीमा निम्न प्रकार है :-पूर्व में-भवन श्री हरीराम बाथम, पश्चिम में-गली सरकारी, उत्तर में-बाथम समाज की पंचायती पाटौर एवं दक्षिण में-गली सरकारी है। उक्त सम्पत्ति पूर्व में श्रीमती भगोबाई पत्नी स्व. श्री मूलचंद्र द्वारा श्री भगवानदास पुत्र श्री लालाराम को रजिस्टर्ड विक्रय विलेख क्र.400 दिनांक 13.02.1970 से विक्रय की गई। श्री भगवानदास का स्वर्गवास हो जाने एवं श्री धर्मवीर बाथम पुत्र श्री भगवानदास का स्वर्गवास हो जाने के उपरांत, उनके उत्तराधिकारी श्रीमती लक्ष्मी बाथम पत्नी स्व. श्री धर्मवीर बाथम उनकी सम्पत्ति के मालिक हुये एवं नगर निगम ग्वालियर में अपना नाम इंद्राज कराया गया। श्रीमती लक्ष्मी बाथम द्वारा उक्त सम्पत्ति श्रीमती ममता बाथम पत्नी श्री रमेश बाथम को ई-रजिस्टर्ड विक्रय विलेख क्र.एमपी142602015ए1086831 दिनांक 22.09.2015 से विक्रय की गई। श्रीमती ममता बाथम द्वारा उक्त सम्पत्ति को विक्रय किये जाने हेतु श्री रिजवान खान पुत्र श्री अजीत खान के पक्ष में एक लिखतम विक्रय अनुबन्ध पत्र सम्पादित किया जा चुका है एवं रजिस्टर्ड विक्रय विलेख सम्पादित किया जाना शेष है। श्री रिजवान खान द्वारा उक्त सम्पत्ति को क्रय किये जाने हेतु मेरे पक्षकार वित्तीय संस्थान वास्तु हाउसिंग फायनेंस कॉर्पोरेशन लि. ग्वालियर के समक्ष बंधक किया जाकर ऋण प्राप्त किये जाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है। इस कारण जिस किसी व्यक्ति, फर्म, संस्था, निगम अथवा निकाय एवं श्री भगवानदास एवं श्री धर्मवीर बाथम के अन्य उत्तराधिकारियों को उक्त सम्पत्ति को मेरे पक्षकार के पक्ष में बन्धक किये जाने अथवा उक्त सम्पत्ति के स्वत्व स्वामित्व, एवं आधिपत्य के सम्बन्ध में किसी प्रकार की आपत्ति होने पर एवं अन्य प्रकार के हित-निहित होने पर अथवा कोई रजिस्टर्ड दस्तावेज होने पर दस्तावेज सहित मेरे कार्यालय में अथवा मेरे पक्षकार के कार्यालय में लिखित आपत्ति मय दस्तावेज इस सूचना प्रकाशन के 7 दिवस के भीतर प्रस्तुत करें। उक्त अवधि के समाप्त होते ही उपरोक्त वर्णित अचल सम्पत्ति मेरे पक्षकार के पक्ष में बंधक की जाकर ऋण प्रदान करने की कार्यवाही की जावेगी। तत्पश्चात हर प्रकार की आपत्ति प्रभावहीन होकर शून्य होगी। कृपया सूचित हो।

प्रेषक
नीरज जैन, एडवोकेट
कार्या.-भवन क्र.52, कैलाश विहार,
फैडरल बैंक के पास सिटी सेन्टर, ग्वालियर
(म.प्र.), मो.नं. 98276-72710

आम सूचना

श्री दलवीर सिंह गोले पुत्र श्री माधौ सिंह प्रजापति के स्वत्व, स्वामित्व व आधिपत्य की अचल सम्पत्ति भूखण्ड क्र.01 एवं 02 का भाग, स्थित ग्राम मालनपुर, तहसील व जिला ग्वालियर (म.प्र.) है जो नगर निगम ग्वालियर वार्ड क्र.63 में स्थित है जो भूमि सर्वे क्र.489/1/1, 490/1 एवं 491/1 ग्राम मालनपुर का भाग है एवं जिसका क्षेत्रफल 1500 वर्गफुट है और चर्तुसीमा निम्न प्रकार है :-पूर्व में-सम्पत्ति दीगर, पश्चिम में-रास्ता, उत्तर में-भूखण्ड क्र.02 का भाग एवं दक्षिण में-भूखण्ड क्र.06 है। उक्त सम्पत्ति एवं संलग्न अन्य सम्पत्ति पूर्व में श्री महाराज सिंह पुत्र श्री भगरी एवं अन्य के संयुक्त स्वत्व स्वामित्व की थी। श्री महाराज सिंह द्वारा उक्त सम्पत्ति श्री दलवीर सिंह गोले पुत्र श्री माधो सिंह प्रजापति को ई-रजिस्टर्ड विक्रय विलेख एमपी 142602023ए12329797 दिनांक 04.09.2023 से विक्रय की गई। श्री दलवीर सिंह गोले द्वारा उक्त सम्पत्ति को मेरे पक्षकार आवास फायनेंसियर्स लिमिटेड वित्तीय संस्थान के समक्ष बंधक किया जाकर ऋण प्राप्त किये जाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है। इस कारण जिस किसी व्यक्ति, फर्म, संस्था, निगम अथवा निकाय एवं उक्त सर्वे क्रमांकों के अन्य सहस्वामियों को उक्त सम्पत्ति को मेरे पक्षकार के पक्ष में बन्धक किये जाने अथवा उक्त सम्पत्ति के स्वत्व स्वामित्व, एवं आधिपत्य के सम्बन्ध में किसी प्रकार की आपत्ति होने पर एवं अन्य प्रकार के हित-निहित होने पर दस्तावेज सहित मेरे कार्यालय में अथवा मेरे पक्षकार के कार्यालय में लिखित आपत्ति मय दस्तावेज इस सूचना प्रकाशन के 7 दिवस के भीतर प्रस्तुत करें। उक्त अवधि के समाप्त होते ही उपरोक्त वर्णित अचल सम्पत्ति मेरे पक्षकार के पक्ष में बंधक की जाकर ऋण प्रदान करने की कार्यवाही की जावेगी । तत्पश्चात हर प्रकार की आपत्ति प्रभावहीन होकर शून्य होगी। कृपया सूचित हो।

प्रेषक
नीरज जैन, एडवोकेट
कार्या.-भवन क्र.52, कैलाश विहार,
फैडरल बैंक के पास सिटी सेन्टर, ग्वालियर
(म.प्र.), मो.नं. 98276-72710